# कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार

## कार्यालयः जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया

## जिला/राज्य स्तर पर युवा उत्सव के प्रतिभागियों के लिए आवश्यक गाइड लाइन/अनुदेशः 2025–26

- आयु सीमा मानदंड (15–29 वर्ष) का पालन अनिवार्य रूप से किया जाना है।
- निर्धारित कार्यक्रम में अपरिहार्य कारणों से संशोधन संभावित है।
- प्रतिभागी अपने आवेदन के साथ आई0डी0 प्रूफ (आधार कार्ड) अवश्य लगाएंगे एवं आयोजन के दिन अपने साथ अवश्य लाएंगे।
- प्रतिभागियों को चाहिए की वे कड़े अनुशासन का पालन करें तथा आयोजकों द्वारा समय–समय पर दिए गए निर्देशों का भी सख्ती से अनुपालन करें। अनुशासनहीन प्रतिभागियों को उत्सव से निष्कासित और निलम्बित कर दिया जाएगा।
- युवा उत्सव के दौरान प्रस्तुत किए जानेवाले कार्यक्रमों में भारतीय संस्कृति के आधारभूत मूल्यों यथा–राष्ट्रीय एकता, अखंडता, मैत्री, शांति, समर्पण, राष्ट्रभक्ति आदि को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर से जोड़कर प्रस्तुत करना है।
- प्रतियोगी कार्यक्रम के प्रर्दशन में सिन्थेसाइजर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग की अनुमति नहीं दी जायेगी।
- सभी प्रतियोगिता/कार्यक्रमों के लिए निर्णायकों का निर्णय अंतिम होगा और सभी के लिए अनिवार्यतः मान्य होगा। किसी प्रकार का प्रतिवाद/शिकायत और विरोध का संज्ञान नहीं लिया जायेगा।
- यदि प्रस्तुतिकर्ता कलाकार किसी कार्यक्रम विशेष के लिए निर्धारित समय सीमा का उल्लंघन करता है तो 05 से 10 प्रतिशत अंक कम कर दिये जाएगे।
- यदि जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी, राज्य स्तर के प्रतियोगिता में बिना कारण बताए भाग नहीं लेते हैं, तो उस प्रतिभागी को अगले 02 (दो) वर्षों तक युवा उत्सव के किसी भी विधा में भाग लेने से वंचित रखा जाएगा।
- कृपया नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें और अपना आवेदन, ऑनलाइन सबमिट करें। आवेदन कि अंतिम तिथि 02.12.2025 है।
- युवा उत्सव प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी किसी एक हीं विधा में भाग ले सकेंगे।

## —:प्रतियोगी वर्ग के कार्यक्रमों के लिए विशेष निर्देशः—

### ।। समूह लोक नृत्य ।।

1. प्रत्येक दल के लिए अधिकतम प्रतिभागी कलाकारों की संख्या 10 अनुमान्य है, जिसमें संगत कलाकारों की संख्या भी सम्मिलित है। किसी भी दल का गठन केवल बालक/बालिकाओं या दोनों को मिलाकर किया जा सकता है।
2. नृत्य या तो आदिम प्रकृति (प्रिमिटिव) या लोक शैली (भारतीय शैली) में आवद्ध हो सकता है। नृत्य नाटिका (बैले) अनुमान्य नहीं है।
3. नृत्य की समयावधि 05 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए।
4. मंच व्यवस्था (स्टेज सेटिंग) के लिए 05 मिनट अतिरिक्त समय दिया जायेगा।
5. नृत्य में प्रस्तुत किये जाने वाले गीत का विषयवस्तु और गीत के आलेख की तीन प्रतियां निबंधन/आवेदन के समय समर्पित करनी है।
6. कार्यक्रम समाप्ति के तुरन्त बाद, प्रतिभागी, दल का दायित्व होगा कि वह मंच सामग्री (सेट्स/प्रॉप्स) तत्काल हटा लें।
7. निर्णय—लय और ताल, नृत्य रचना (कोरियोग्राफी), वेशभूषा, रूपसज्जा, मंचशिल्प तथा सम्पूर्ण प्रभाव पर आधारित होगा।
8. पूर्व—ध्वन्यांकित संगीत (टेप, कैसेट आदि) के उपयोग की अनुमति इस कार्यक्रम के अन्तर्गत नहीं है।

**मार्किंग प्रणाली**

| विषय वस्तु | अंक |
|---|---|
| लोकनृत्य के मूल स्वरूप का यथार्थ चित्रण | 15 |
| अभिव्यक्ति और हाव—भाव | 15 |
| पोशाक और मेकअप | 15 |
| संगीत एवं ताल प्रभाव | 20 |
| उर्जा एवं दर्शकों की प्रतिक्रिया | 25 |
| लोकनृत्य का संदेश | 10 |
| **कुलः—** | **100** |

### ।। समूह लोकगीत ।।

1. एक दल में गायकों की अधिकतम संख्या 10 हो सकती है।
2. लोक गीत का चयन भारतीय गीत परम्परा से की जानी चाहिए, जो किसी भी क्षेत्रीय भाषा में हो सकता है।
3. प्रस्तुति के लिए फिल्मी गीत के उपयोग की अनुमति नहीं होगी।
4. लोक गीत के लिए अधिकतम 05 मिनट का समय निर्धारित है। समूह को कार्यक्रमों की व्यवस्था हेतु अधिकतम 05 मिनट दिये जायेंगे।

5. इस कार्यक्रम का निर्णय केवल गायन की गुणवत्ता पर आधारित होगा, न कि रूप सज्जा, वेशभूषा और दल के अंग संचालन पर।
6. गीतों का मिश्रण अनुमान्य नहीं है।

**<u>मार्किंग प्रणाली</u>**

| विषय वस्तु | अंक |
|---|---|
| सुर | 35 |
| ताल | 35 |
| लोकगीत के मूलस्वरूप का यथार्थ चित्रण | 10 |
| पोशाक एवं मेकअप | 10 |
| लोकगीत का संदेश | 10 |
| **कुलः—** | **100** |

## ।। कहानी लेखन ।।

1. कहानी का विषय ऑन स्पॉट दिया जाएगा।
2. प्रत्येक युवा एक प्रविष्टि जमा कर सकता है।
3. कहानी लेखन के लिए अधिकतम समय सीमा 60 मिनट होगा। शब्द सीमा 1000 शब्दों से अधिक नहीं होनी चाहिए।
4. प्रविष्टि मूल होनी चाहिए।
5. कहानी में आपत्तिजनक, अस्पष्ट, अनुचित सामग्री नहीं होनी चाहिए। इससे किसी जाति, पंथ, धर्म, रंग, नस्ल को ठेस नहीं पहुँचनी चाहिए।
6. भाग लेनेवाले युवाओं को अपना नाम, पत्राचार का पूरा पता पिनकोड सहित, मोबाईल संख्या एवं ईमेल भरना होगा।
7. प्रतिभागी अपनी कहानी की तस्वीरे खीच सकते हैं और MY Bharat Portal पर अपलोड कर सकते है।

## ।। कविता ।।

1. कविता का विषय ऑन स्पॉट दिया जाएगा।
2. प्रत्येक युवा एक प्रविष्टि जमा कर सकता है।
3. प्रविष्टि मूल होनी चाहिए।
4. अधिकतम समय सीमा 60 मिनट हो सकती है। शब्द सीमा 500 शब्दों से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. कविता में आपत्तिजनक, अस्पष्ट, अनुचित सामग्री नहीं होनी चाहिए। इससे किसी जाति, पंथ, धर्म, रंग, नस्ल को ठेस नहीं पहुँचनी चाहिए।
6. भाग लेनेवाले युवाओं को अपना नाम, पत्राचार का पूरा पता पिनकोड सहित, मोबाईल संख्या एवं ईमेल भरना होगा।

7. प्रतिभागी अपनी कविता की तस्वीरे खीच सकते हैं और MY Bharat Portal पर अपलोड कर सकते है।

## ।। चित्रकला (पेंटिंग) ।।

1. प्रतिभागी अपने साथ अधिकतम 03 (तीन) स्वयं की कृति प्रतियोगिता स्थल पर प्रदर्शनी के लिए लाएंगे, जिसपर प्रतिभागी के हस्ताक्षर होने चाहिए।
2. प्रविष्टि मूल होनी चाहिए, कॉपी वर्क नहीं।
3. प्रत्येक युवा को एक ऑन स्पॉट पेंटिंग बनानी होगी, जिसे वे जमा करेंगे।
4. ऑन स्पॉट पेंटिंग का विषय '**नशा मुक्त युवा' अथवा 'Youth for healthy lifestyle'** निर्धारित है।
5. पेंटिंग बनाने के लिए अधिकतम समय सीमा 90 मिनट होगी। पेंटिंग A3 साइज यानी 11.7"x"10.5" पर बनाई जानी चाहिए।
6. पेंटिंग को किसी विशेष संगठन या किसी ब्रांड के नाम का प्रतिनिधित्व नहीं करना चाहिए।
7. भाग लेनेवाले युवाओं को अपना नाम, पत्राचार का पूरा पता पिनकोड सहित, मोबाईल संख्या एवं ईमेल भरना होगा।
8. प्रतियोगिता में अपनी पेंटिंग जमा करने वाले युवाओं को 20–30 शब्दों में पेंटिंग का कैप्शन लिखना होगा।
9. प्रतिभागी पेंटिंग के लिए सामग्री (यथा–पेंसिल, कलर, ब्रश, पानी, कपड़ा आदि) अपने साथ लाएंगे।
10. प्रतिभागी अपनी पेंटिंग की तस्वीरे खीच सकते हैं और MY Bharat Portal पर अपलोड कर सकते है।

## ।। वक्तृता (भाषण) ।।

1. वक्तृता का विषय– 'Emergency period and violation of Constitution in India' तथा 'Safeguarding Democracy and Democratic value' ळें
2. भाषा हिन्दी अथवा अंग्रेजी होगी।
3. प्रस्तुति के लिए प्रत्येक प्रतिभागी को 05 मिनट का समय दिया जायेगा।
4. प्रत्येक प्रतिभागी चुने हुए सामयिक विषय पर बोलेंगे और तैयार भाषण देंगे।
5. वाचन की स्पष्टता, प्रवाह, चयनित विषय की प्रासंगिक प्रस्तुति, वाक्यों की अपुनरावृति (नॉन–रेपेटिशन) आत्मविश्वास, विषय की जानकारी आदि के आधार पर निर्णय होंगे।

(राकेश कुमार)
जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी,
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।